पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

दीपावली पर हर खास व आम के लिये खुला रहा राजभवन

राज्यपाल ने गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर दीपावली की बधाईयाँ दी

लखनऊः 7 नवम्बर, 2018

दीपावली के अवसर पर राजभवन के दरवाजे हर खास व आम के लिए खुले रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से भेंट कर दीपावली की बधाईयों का आदान-प्रदान किया। राज्यपाल ने राजभवन में गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से भेंट कर बधाईयाँ दी।

राज्यपाल से राज्य मंत्री श्रीमती स्वाती सिंह, पूर्व मंत्री डा0 अम्मार रिज़वी, प्रमुख सचिव श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकरण व अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतिगण, पत्रकारगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भेंटकर दीपावली की बधाई दी।

इससे पूर्व श्री नाईक व उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक एवं परिजन सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट कर दीपावली की बधाईयों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन के विभिन्न अनुभागों में तैनात दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मिष्ठान उपहार स्वरूप भेंट दिया तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। राज्यपाल ने दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि प्रकाश का पर्व सबको आनन्द एवं खुशियाँ दें। अपनी खुशियों में गरीब एवं जरूरतमंदों को भी शामिल कर उनकी जिन्दगी में भी प्रकाश फैलायें। कोशिश करें कि दीपावली के आनन्द के साथ-साथ पर्यावरण की भी रक्षा हो।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (436/17)